फैक्स/क्यूमेल/आवश्यक

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

टावर–1 चतुर्थ तल, सिग्नेचर बिल्डिंग गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002

संख्या:18–वरिष्ठता–(पवन कुमार)–2022 दिनांक:लखनऊ:नवम्बर 17,2023

## आदेश

पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) पवन कुमार पीएनओ–852310148 जनपद मुरादाबाद द्वारा निर्देश याचिका संख्या–1866/2012 पवन कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 राज्य लोक सेवा अधिकरण लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनाँक 11.08.2014 के अनुपालन में याची को प्रदत्त दण्डादेश संख्या–द–187/2006 दिनाँक 17.07.2006 के द्वारा वर्ष–2005 की रोकी गयी सत्यनिष्ठा को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूं के आदेश दिनांक 07.11.2022 द्वारा निरस्त कर दिये जाने के फलस्वरूप याची को पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर चयन वर्ष 2015 की रिक्ति के सापेक्ष उनके कनिष्ठ की तिथि से नोशनल पदोन्नति प्रदान किये जाने के संबंध में पुनर्विचार किये जाने हेतु वेतनमान 9300/–से 34800/–ग्रेड पे–4600(छठवां वेतनमान) पे–मैट्रिक्स लेवल–7(सातवां वेतनमान) के अन्तर्गत 01 अधिसंख्य पद के सृजन की शासकीय स्वीकृति मुख्यालय स्तर से मांगी गयी थी, जिसके कम में उ0प्र0 शासन के पत्र दिनाँक 22.09.2023 द्वारा चयन वर्ष 2015 की रिक्ति के सापेक्ष पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) के 01 अधिसंख्य पद के सृजन की शासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। चयन वर्ष 2015 की रिक्ति के सापेक्ष पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) के 01 अधिसंख्य पद के सृजन की शासकीय स्वीकृति प्राप्त हो जाने पर याची को चयन वर्ष 2015 की रिक्ति के सापेक्ष नोशनल पदोन्नति प्रदान किये जाने पर पुनर्विचार किये जाने हेतु प्रकरण भर्ती बोर्ड को सन्दर्भित किया गया था।

2. अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पत्र संख्याः UPPRPB-PROMOSI/3/2023 दिनांकः 09.11.2023 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (समय–समय पर यथा संशोधित) में निहित निर्देशों के अन्तर्गत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ,ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत चयन समिति द्वारा उक्त कर्मी को चयन वर्ष 2015 की रिक्ति के सापेक्ष पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर नोशनल पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाये जाने तथा पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अनुमोदित किये जाने के फलस्वरूप इन्हें तत्कालिक प्रभाव से उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही उनके नाम के सम्मुख अंकित पूर्व चयन वर्ष में उनके वरिष्ठ/कनिष्ठ कर्मी की तिथि से पुलिस निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर नोशनल पदोन्नति प्रदान किये जाने का आदेश पारित किया जाता है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

| क0सं0 | पीएनओ | कर्मी का नाम | पिता का नाम | चयन वर्ष | जनपद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 852310148 | पवन कुमार | श्री महावीर प्रसाद | 2015 | मुरादाबाद |

3. उक्त आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है। सम्बन्धित इकाई उक्त आदेश की प्रति अपने स्तर से डाउनलोड कर नोशनल पदोन्नति आदेश का कियान्वयन तत्काल सुनिश्चित कराने का कष्ट करें तथा अनुपालन से सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

17/11

(एल0आर0 कुमार)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को उपरोक्त संदर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।

2–अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ को उनके पत्र संख्याःडीजी–दो/ब–63(03)/2023–2024 दिनांक 26.09.2023 के सन्दर्भ में।

3–अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, बरेली।

4–पुलिस महानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र।

5–वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद को आदेश की 02 प्रतियां इस आशय से संलग्न कर प्रेषित है कि वह आदेश की एक प्रति पुलिस निरीक्षक(गोपनीय) पवन कुमार पीएनओ–852310148 जनपद मुरादाबाद को प्राप्त कराकर दूसरी प्रति पर उनके प्राप्ति के हस्ताक्षर दिनाँक सहित लेकर उसकी प्रति इस मुख्यालय को वापस करने का कष्ट करें।

Scanned with OKEN Scanner